**अवैध खनन** | बहोरीबंद में सांदीपनि स्कूल के पास खेल मैदान सहित कई क्षेत्रों में देर रात तक चल रही पोकलेन मशीनें

# रात के अंधेरे में मिट्टी-मुरूम का अवैध खनन






**नवभारत, कटनी।** जिले की बहोरीबंद तहसील के कई गांवों और शहर से लगे इलाकों में इन दिनों रात के अंधेरे में मिट्टी और मुरूम के अवैध खनन व परिवहन की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पोकलेन और जेसीबी मशीनों से देर रात तक अवैध उत्खनन किया जा रहा है तथा नंबर प्लेट काली कर वाहनों के जरिए खनिज का परिवहन किया जा रहा है। इस पूरे मामले में पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों और सत्तापक्ष से जुड़े कुछ नेताओं के संरक्षण के आरोप भी लगाए जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार सांदीपनि स्कूल के सामने स्थित खेल मैदान में देर रात तक मशीनें चलती रहती हैं। यहां से मिट्टी, मुरूम और अन्य खनिज ट्रकों में भरकर आसपास के क्षेत्रों में पहुंचाए जा रहे हैं। आरोप है कि अवैध परिवहन में उपयोग किए जा रहे कई वाहनों की नंबर प्लेट तक काली कर दी जाती है, ताकि पहचान न हो सके।

ग्रामीणों का कहना है कि बहोरीबंद क्षेत्र में लंबे समय से अवैध उत्खनन माफियाओं का दबदबा बना हुआ है। रसूखदारों और कथित राजनीतिक संरक्षण के चलते जिम्मेदार विभाग कार्रवाई करने से बच रहे हैं। लोगों का आरोप है कि सत्तापक्ष से जुड़े कुछ प्रभावशाली लोगों के वाहनों पर कार्रवाई होते-होते रुक जाती है।

### राजस्व के साथ पर्यावरण को भी नुकसान

अवैध उत्खनन से जहां शासन को करोड़ों रुपए के राजस्व की हानि हो रही है, वहीं पर्यावरण संतुलन पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। लगातार मिट्टी और मुरूम की खुदाई से भूमि कटाव, जलस्तर में गिरावट और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। शहरी क्षेत्रों के आसपास रातभर भारी वाहनों की आवाजाही से स्थानीय लोग भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं।

### ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग उठाई

ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि आखिर बिना अनुमति रातभर चल रहे कथित अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग, प्रशासन और पुलिस कार्रवाई क्यों नहीं कर रही। क्षेत्रीय जनता ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध खनन में संलिप्त लोगों, वाहनों और मशीनों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## अजय फुट रबर प्लांट में भीषण आग से मची अफरा-तफरी लाखों का सामान जलकर खाक

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित अजय फुट रबर प्लांट में आज दोपहर-शाम अचानक भीषण आग लग गई। फैक्ट्री से उठती आग की गगनचुंबी लपटें और काले धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप और अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगी। दमकल कर्मियों ने संभाला मोर्चा, मनीष घई की बताई जा रही फैक्ट्री घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की चार गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। बताया जा रहा है कि उक्त फैक्ट्री मनीष घई नामक व्यक्ति की है। आगजनी के कारण फैक्ट्री के भीतर रखा लाखों रुपये का माल और मशीनरी जलकर खाक होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल दमकल कर्मियों द्वारा आग बुझाने का प्रयास लगातार जारी है।



# ईद-उल-जुहा को लेकर यातायात व सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**नवभारत, कटनी।** आगामी ईद-उल-अजहा पर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का व्यापक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर यातायात, भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर एवं रंगनाथनगर थाना प्रभारी उप निरीक्षक अरुण पाल सिंह ने भीषण गर्मी के बीच व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान ईदगाह से लेकर चांडक चौक, मिशन चौक, सागर पुलिया, कब्रिस्तान मार्ग एवं कर्बला क्षेत्र तक भ्रमण कर यातायात संचालन, पार्किंग व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने संबंधित मार्गों पर सुगम यातायात बनाए रखने, आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस अधिकारियों ने संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने एवं पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश भी जारी किए। निरीक्षण के दौरान प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र सिंह एवं आरक्षक वीरेंद्र भी मौजूद रहे। इस अवसर पर अंजुमन इस्लामिक ट्रस्ट के अध्यक्ष हाजी कैस अहमद, अकील सिद्दीकी एवं अकरम सिद्दीकी सहित ट्रस्ट के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने पुलिस एवं प्रशासन द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कटनी पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि पर्व के दौरान यातायात नियमों का पालन करें, निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करें तथा शहर की शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

### एक नजर में




## ईद -उल -जुहा पर्व को लेकर बाकल थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

**नवभारत,बाकल।** आगामी मुस्लिम पर्व ईद उल जुहा (बकरीद) को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बाकल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायतों के सरपंचों, गणमान्य नागरिकों एवं मुस्लिम समाज के लोगों की उपस्थिति रही। इस दौरान त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, आपसी समन्वय, साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने उपस्थित लोगों से पर्व को आपसी भाईचारे, प्रेम और शांति के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा कि ईद उल जुहा त्याग और बलिदान का पर्व है, जिसे सभी समाज के लोग मिलजुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में मुस्लिम बाहुल्य ग्राम पटना, गोरहा, राजा सलैया एवं अमाड़ी के मुस्लिम बंधुओं ने भी अपने सुझाव रखे तथा प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी दिनेश तिवारी सहित थाना स्टाफ, विभिन्न ग्रामों के सरपंच,जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा 28 को, भागवत कथा प्रारंभ

**नवभारत, कटनी।** नगर के विख्यात सिद्धपीठ दक्षिणमुखी बड़े हनुमान जी मंदिर कमानिया गेट के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया गया हैं। यह जानकारी आयोजन समिति के समाजसेवी बउआ महाराज ने देते हुये बताया कि मंदिर के भक्तगणों द्वारा जन कल्याण शहर के विकास के लिए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में 27 मई से 6 जून तक चलने वाले श्रीमद् भागवत पुराण कथा के भव्य कार्यक्रम के तहत् भगवान श्री कृष्ण जी की विभिन्न लीलाओं एवं चित्रण पर आधारित ज्ञान कथाओं का प्रसिद्ध कथा व्यास देवी श्रीकृष्ण बल्लभा वृंदावनधाम की मधुर वाणी के द्वारा सुंदर वाचन किया जावेगा। 27 मई दिन बुधवार को शाम 6 बजे हनुमान मंदिर कमानिया गेट से एक विशाल भव्य कलश यात्रा निकाली जावेगी, जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुये जगन्नाथ चैक स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में पूजा अर्चाना के साथ समापन होगा। इसके बाद भागवत कथा का वाचन प्रारंभ होगा। इस महापुरण कथा को श्रवण करने के लिए मंदिर के वरिष्ठ पुजारी आनंद महाराज एवं जगन्नाथ मंदिर कमेटी ने शहर के धर्मप्रियजनों से अपनी सपरिवार सहित आयोजन स्थल पर पहुंचकर कथा का श्रवण करें और धर्मलाभ उठायें, यह अपील आयोजन कमेटी ने की है।

# जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के साथ करें निराकरण : महापौर




**महापौर जनसुनवाई में आमजन को मिली राहत, समस्याओं के निराकरण के लिए विभागों में दिखा समन्वय**

**नवभारत, कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से आयोजित साप्ताहिक महापौर जनसुनवाई मंगलवार को मेयर इन काउंसिल सभागार में संपन्न हुई। जनसुनवाई में नगर के विभिन्न वार्डों से पहुंचे नागरिकों ने पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई, सड़क एवं नाली निर्माण, अतिक्रमण, राजस्व एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

महापौर प्रीति संजीव सूरी ने जनसुनवाई के दौरान प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल शिकायत प्राप्त करना नहीं, बल्कि तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महापौर श्रीमती सूरी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा जिन प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई संभव है, उनमें शीघ्र कार्यवाही की जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समस्याओं के समाधान में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

### कई मामलों में मौके पर दिए गए कार्रवाई के निर्देश

जनसुनवाई के दौरान कई समस्याओं के निराकरण हेतु तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए, जबकि शेष प्रकरणों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को समयसीमा निर्धारित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। जनसुनवाई में निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस व्यवस्था के माध्यम से आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग शाखाओं के चक्कर नहीं लगाने पड़े और उन्हें सरल, सहज एवं त्वरित सुनवाई का लाभ मिला। महापौर ने स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है और नागरिक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।



## हथियागढ़ ग्राम पंचायत में अधूरी नल-जल योजना और बदहाल

**एक वर्ष बाद भी कार्य अधूरा, गांव में फैली गंदगी और बीमारी का खतरा**

**नवभारत, बाकल।** कटनी जिले की बहोरीबंद जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत हथियागढ़ में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना लंबे समय से अधूरी पड़ी होने के कारण ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना का कार्य शुरू हुए एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन आज तक गांव के कई हिस्सों में पाइपलाइन कार्य और जल आपूर्ति व्यवस्था पूर्ण नहीं हो सकी है। ग्रामीणों के अनुसार नल-जल योजना के लिए गांव की सड़कों और गलियों को खोदा गया था, लेकिन कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने के कारण सीसी रोड और नालियां भी क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी हुई हैं। जगह-जगह गड्ढे, टूटी सड़कें और अधूरी नालियां ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बन चुकी हैं। बरसात से पहले मरम्मत नहीं होने पर स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है। गांववासियों ने बताया कि अधूरी नालियों और सड़कों के कारण पूरे गांव में गंदगी फैली हुई है। कई स्थानों पर पानी जमा रहने से मच्छरों और मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

## सर्वेयरों की आईडी बंद होने से गिरदावरी कार्य प्रभावित होने की आशंका

**बहोरीबंद एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, शासन के आदेश निरस्त करने की मांग**

**नवभारत,बाकल।** जिले की बहोरीबंद तहसील में वर्ष 2026 की जायद गिरदावरी को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। लोकल यूथ बाकल बहोरीबंद एवं क्षेत्र के सर्वेयरों ने बहोरीबंद एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर शासन द्वारा पूर्व में पंजीकृत सर्वेयरों की आईडी बंद किए जाने पर नाराजगी जताई है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो जायद गिरदावरी कार्य प्रभावित हो सकता है, जिससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन में बताया गया है कि शासन स्तर से नए सर्वेयर नियुक्त करने के लिए आदेश जारी किया गया है, जिसके चलते पूर्व में कार्यरत सर्वेयरों की आईडी बंद कर दी गई है। सर्वेयरों का कहना है कि इस फैसले के कारण गिरदावरी कार्य समय पर पूरा नहीं हो पाएगा और किसानों के रिकॉर्ड अपडेट होने में देरी होगी। ज्ञापन में विशेष रूप से 29 अप्रैल 2026 को जारी आदेश क्रमांक 2182/ MPLRS/ DCS/2026 को निरस्त करने की मांग की गई है। सर्वेयरों का कहना है कि पुराने सर्वेयर पिछले दो-तीन सत्रों से लगातार शासन के विभिन्न कार्यों में सक्रिय रूप से सहयोग करते आ रहे हैं और उन्हें क्षेत्रीय व्यवस्था एवं किसानों की समस्याओं का अनुभव है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में पंजीकृत सर्वेयरों ने फार्मर आईडी निर्माण, एमपी भूलेख ई-केवाईसी तथा गिरदावरी जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में प्रशासन का सहयोग किया है। ऐसे में अचानक आईडी बंद कर नए सर्वेयर नियुक्त करने से प्रशासनिक कार्यों की गति प्रभावित होगी।

# दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर मार्ग पर मंगलवार-शनिवार को रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

**नवभारत, कटनी।** श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या एवं दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर मार्ग की संकरी सड़क को देखते हुए यातायात पुलिस द्वारा विशेष डायवर्जन प्लान लागू किया जा रहा है। यह व्यवस्था प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रभावी रहेगी।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर द्वारा यह व्यवस्था लागू की जा रही है।

यातायात विभाग के अनुसार बरही नाका, विश्वकर्मा पार्क, सुभाष चौक सब्जी मंडी एवं दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर मार्ग क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा और शहर के सुचारु यातायात को ध्यान में रखते हुए डायवर्जन किया जाएगा। मंदिर क्षेत्र को पैदल दर्शन मार्ग के रूप में विकसित किया जाएगा।




### यह रहेगी डायवर्जन व्यवस्था

बरही रोड़ से दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर की ओर जाने वाले चारपहिया वाहन, ऑटो एवं ई-रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे। इन वाहनों को मॉल रोड, खिरहनी चौकी एवं एनपीएन मार्ग की ओर डायवर्ट किया जाएगा। केवल स्थानीय निवासी एवं आपातकालीन वाहनों को नियंत्रित रूप से प्रवेश दिया जाएगा।

विश्वकर्मा पार्क की ओर से आने वाले वाहनों के लिए मंदिर मार्ग पूरी तरह बंद रहेगा। छोटे वाहनों को विश्वकर्मा पार्क से सुभाष चौक होते हुए स्टेशन रोड की ओर भेजा जाएगा, जबकि भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट किया जाएगा।

सुभाष चौक से मंदिर की ओर वन-वे पैदल कॉरिडोर बनाया जाएगा। ई-रिक्शा एवं ऑटो को झंडा बाजार और गोल बाजार की ओर मोड़ा जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर अस्थायी बैरिकेडिंग भी की जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था मंदिर के आसपास लगभग 200 से 300 मीटर क्षेत्र को 'नो व्हीकल जोन' घोषित किया जाएगा तथा दर्शनार्थियों के लिए पृथक पैदल मार्ग बनाया जाएगा।

अतिरिक्त पुलिस बल रहेगा तैनात बरही रोड़, विश्वकर्मा पार्क, सुभाष चौक एवं मंदिर मार्ग पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ ही क्रेन एवं टोइंग वाहन स्टैंडबाय रखे जाएंगे। सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली एवं लाउड हेलर के माध्यम से नागरिकों को वैकल्पिक मार्गों की जानकारी दी जाएगी।

**पहल** | ट्रांसपोर्ट नगर में भूखण्डों की नीलामी प्रारंभ, महापौर प्रीति संजीव सूरी ने ट्रांसपोर्टरों से की सहभागिता की अपील

# शहर के सुनियोजित विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल

**नवभारत, कटनी।** शहर में लगातार बढ़ रहे यातायात दबाव, भारी वाहनों की आवाजाही तथा शहरी यातायात व्यवस्था को सुगम एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में नगर पालिक निगम कटनी द्वारा एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल प्रारंभ की गई है। नगर निगम द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी क्षेत्र में स्थित रिक्त भूखण्डों की नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिसके माध्यम से शहर के ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को एक व्यवस्थित, सुविधायुक्त एवं स्वतंत्र व्यावसायिक परिसर उपलब्ध कराया जाएगा।



महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने शहर के समस्त ट्रांसपोर्टर भाइयों एवं व्यवसायियों से अपील करते हुए कहा है कि कटनी शहर के समुचित एवं सुनियोजित विकास के लिए ट्रांसपोर्ट नगर की शिफ्टिंग एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध होगी। यह पहल केवल यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे शहर के औद्योगिक विकास, व्यापारिक विस्तार एवं भविष्य की आधारभूत संरचना को भी नई दिशा प्राप्त होगी। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि वर्तमान में शहर के भीतर संचालित हो रहे ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के कारण यातायात दबाव लगातार बढ़ रहा है, जिससे आम नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। ऐसे में ट्रांसपोर्ट गतिविधियों को एक पृथक एवं सुव्यवस्थित क्षेत्र में स्थानांतरित करना समय की आवश्यकता है। नगर निगम द्वारा इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए ट्रांसपोर्ट नगर में भूखण्डों की नीलामी प्रारंभ की गई है ताकि ट्रांसपोर्ट व्यापारी अपने व्यवसाय को आधुनिक एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान कर सकें। उन्होंने बताया कि इस नीलामी में केवल ट्रांसपोर्ट व्यवसाय हेतु प्लॉट ही नहीं, बल्कि ट्रांसपोर्ट गतिविधियों से जुड़ी आवश्यक सुविधाओं जैसे पेट्रोल पम्प, ढाबा, धर्मकांटा एवं अन्य उपयोगी व्यावसायिक दुकानों के लिए भी भूखण्ड शामिल किए गए हैं। इससे ट्रांसपोर्ट नगर भविष्य में एक पूर्ण विकसित व्यावसायिक एवं लॉजिस्टिक हब के रूप में स्थापित हो सकेगा।

महापौर सूरी ने कहा कि अन्य महानगरों की तर्ज पर कटनी शहर का भी व्यवस्थित विस्तार होना आवश्यक है। ट्रांसपोर्ट नगर का विकास शहर को यातायात जाम की समस्या से राहत दिलाने के साथ-साथ एक आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित शहरी स्वरूप प्रदान करेगा। इससे शहर के भीतर भारी वाहनों का दबाव कम होगा तथा नागरिकों को सुगम यातायात व्यवस्था का लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने ट्रांसपोर्टर भाइयों से आग्रह किया कि वे इस नीलामी प्रक्रिया में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करें और नगर के विकास में सहभागी बनें। यह पहल नगर निगम अकेले नहीं बल्कि शहरवासियों एवं ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों के सहयोग से ही सफल हो सकेगी।

निगम प्रशासन द्वारा नीलामी प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी एवं सुगम बनाया गया है। इच्छुक बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए उपयंत्री श्री शैलेन्द्र प्यासी द्वारा स्थल संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही प्रत्येक रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में उपस्थित रहकर संबंधितों को भूखण्डों की वास्तविक स्थिति एवं लोकेशन की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। नगर निगम द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में रिक्त भूखण्डों की नीलामी हेतु ऑनलाइन निविदाएं 05 जून 2026 तक आमंत्रित की गई हैं। इच्छुक व्यवसायी विस्तृत जानकारी एवं निविदा संबंधी विवरण mptenders.gov.in वेबसाइट पर प्राप्त कर सकते हैं। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने अंत में कहा कि यह केवल भूखण्डों की नीलामी नहीं, बल्कि कटनी शहर के भविष्य को व्यवस्थित, आधुनिक और विकासोन्मुख बनाने की एक सामूहिक पहल है। शहर के उज्ज्वल भविष्य एवं सुगम यातायात व्यवस्था के निर्माण हेतु सभी ट्रांसपोर्टर भाइयों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

## रीठी सरकारी अस्पताल में कब सुधरेंगी व्यवस्थाएं?

**वर्षों से जमे कर्मियों का बोलबाला जिम्मेदारियां बदलीं तो बिगड़ी व्यवस्था**

**नवभारत,कटनी।** जिले की रीठी तहसील का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों अपनी बदहाल व्यवस्थाओं और कर्मचारियों की कार्यशैली को लेकर लगातार सवालों के घेरे में है। अस्पताल में हालात ऐसे बन गए हैं कि जिस कर्मचारी की जो जिम्मेदारी है, वह उसे छोड़कर दूसरे काम में लगा हुआ है। इससे अस्पताल की व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं और मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सूत्रों के मुताबिक कई कर्मचारी वर्षों से एक ही जगह जमे हुए हैं, जिसके चलते अस्पताल में मनमानी का माहौल बन गया है। हालत यह है कि जिन कर्मचारियों की पदस्थापना दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों में है, वे भी रीठी अस्पताल में बैठकर काम कर रहे हैं। वहीं जिनकी ड्यूटी अस्पताल की आवश्यक सेवाओं में होनी चाहिए, वे दूसरे कार्यों में व्यस्त नजर आते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अस्पताल में जिम्मेदारियों का सही तरीके से पालन नहीं हो रहा। मरीजों को समय पर इलाज और जरूरी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। कई बार कर्मचारियों की अनुपस्थिति और अव्यवस्था के कारण मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं कि आखिर वर्षों से जमे कर्मचारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। यदि समय रहते व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया तो आने वाले समय में मरीजों की समस्याएं और बढ़ सकती हैं। अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले को गंभीरता से लेते हुए व्यवस्थाएं सुधारने के लिए क्या कदम उठाता है और जिम्मेदार कर्मचारियों पर क्या कार्रवाई होती है.